हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 17 मई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



## खबर संक्षेप

### जीएच रायसोनी मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड रैपिड शतरंज प्रतियोगिता 30 से

**अम्बिकापुर।** शतरंज संघ सरगुजा द्वारा जिले में 30 एवं 31 मई को द्वितीय जीएच रायसोनी मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड रैपिड शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता शहर के सरस्वती शिशु मंदिर हाल में संपन्न होगी। सरगुजा शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 9 चक्रों में होगी जिसमें सभी वर्गों के खिलाड़ी शामिल होंगे। सभी वर्गों के लिए ट्राफी एवं प्राइज मनी अलग अलग रखी गई है। ओपन वर्ग में ट्राफी-मेडल के साथ प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय 7 हजार, तृतीय 5 हजार, चतुर्थ 4, पंचम पुरस्कार 3 हजार रूपए, छठवें से दसवां तक 1 हजार रूपए एवं ग्यारहवें से बीसवें स्थान तक के लिए 5 सौ रूपए राशि निर्धारित की गई है। इसके अलावा अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 व अंडर-15 के विजेता बालक एवं बालिकाओं को बेस्ट वैटरन, बेस्ट अनरेटेड, बेस्ट फिमेल, बेस्ट रेटिंग 1400-1550) एवं बेस्ट सरगुजा के पुरुष एवं महिलाको भी प्राइज मनी एवं ट्राफी दी जाएगी। प्रतियोगिता में बिना विलंब शुल्क के भाग लेने की अंतिम तिथि 23 मई शाम 5 बजे तक है। वहीं 250 रूपए विलंब शुल्क के साथ 25 मई की शाम 5 बजे तक प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि समस्त नए खिलाड़ियों को सीजीएससीए रजिस्ट्रेशन शुल्क 150 रूपए एवं एआईसीएफ का रजिस्ट्रेशन शुल्क 300 रूपए भी जमा करना होगा।

### नपं शिवनंदनपुर आम निर्वाचन हेतु सेक्टर अधिकारियों की हुई नियुक्ति

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के आम निर्वाचन के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन हेतु कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रेना जमील द्वारा सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत नगर पंचायत शिवनंदनपुर के कुल 15 मतदान केन्द्रों हेतु दो सेक्टर अधिकारी एवं एक रिजर्व सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार सेक्टर क्रमांक 1 शिवानंदनपुर मुख्यालय हेतु सहायक संचालक मत्सय विभाग सूरजपुर एमएस सोनवानी को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 से 15 तक के 7 मतदान केन्द्रों के संचालन का दायित्व रहेगा। सेक्टर क्रमांक 2 शिवनंदनपुर हेतु अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सूरजपुर विमल सिंह को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के 8 मतदान केन्द्र आएंगे। रिजर्व सेक्टर अधिकारी के रूप में जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा सूरजपुर मनोज साहू को नियुक्त किया गया है, जो आवश्यकता पड़ने पर निर्वाचन कार्य का दायित्व संभालेंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी नियुक्त सेक्टर अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र का तत्काल भ्रमण कर प्रथम प्रतिवेदन अपने रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत करेंगे।

अलग-अलग स्तर पर शुरू हुई परिणाम की समीक्षा

# 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन पर विभाग हसख्त, प्राचार्यों को नोटिस देने तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम सुधारने के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा किए गए लगातार प्रयासों के बावजूद इस बार सरगुजा एवं एमसीबी का परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहा। जबकि सूरजपुर, कोरिया एवं जशपुर के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने जिले का मान बढ़ाया है। प्रशासन एवं विभाग द्वारा अब अलग-अलग स्तर पर परीक्षा परिणामों की समीक्षा की जा रही है ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके।

**खास बात**
- सरगुजा में 12वीं बोर्ड के परिणाम में 5 .38 फीसदी की आई कमी



#### ऐसे प्रभावित हुआ परिणाम

पिछले साल सरगुजा में 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 87.58 था जो इस बार गिरकर 84.09 प्रतिशत पहुंच गया है। इसी तरह 12वीं का परीक्षा परिणाम 85.94 फीसदी से गिरकर 80.58 फीसदी पहुंच गया है। एमसीबी जिले में पिछले साल 10वीं का परिणाम 74.73 से गिरकर 59.12 प्रतिशत एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 86.83 प्रतिशत से गिरकर 82.4 प्रतिशत पहुंच गया है। कोरिया जिले में पिछले साल 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 92.93 फीसदी था जो इस बार बढ़कर 93.02 प्रतिशत एवं 12वीं बोर्ड का परिणाम 92.42 फीसदी से बढ़कर 95.64 फीसदी पहुंचा है। जशपुर जिले में पिछले साल 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 94.22 फीसदी था जो बढ़कर 93.29 फीसदी जबकि 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 94.01 फीसद से घटकर 93.32 फीसदी पहुंच गया है। इसी तरह बलरामपुर में 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 81.1 फीसदी से बढ़कर 84.63 प्रतिशत जबकि 12वीं बोर्ड के परिणाम में 1.47 फीसदी की गिरावट आई है।

10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में सुधार लाने की दृष्टि से जिला प्रशासन द्वारा पूरे साल विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई। विभाग द्वारा भी जिला एवं संभागस्तर पर शिक्षकों एवं प्राचार्यों के लिए अलग-अलग गाइडलाइन जारी कर बैठके आयोजित की गई। पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए विषयवार विशेष कक्षाएं भी संचालित की गई। बोर्ड परीक्षा के पूर्व विभाग द्वारा विषयवार प्रश्नपत्र जारी कर विद्यालयवार परीक्षाएं भी आयोजित की गई। कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें परीक्षा के लिए तैयार करने विशेष अभियान भी चलाया गया। विभाग के अधिकारी भी नियमित स्कूलों का भ्रमण कर तैयारियों का नियमित जायजा लेते रहे। संभाग के कुछ जिलों में इन गतिविधियों का व्यापक प्रभाव पड़ा तथा परीक्षा परिणाम में उम्मीद से अधिक सुधार हुआ। इसके विपरीत कई जिले अपने पिछले साल के औसत परिणाम को भी कायम रखने में विफल रहे। पिछले साल की तुलना में इस बार सरगुजा जिला में 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 1.46 फीसदी एवं 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 5.38 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। एमसीबी जिले के परीक्षा परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में भारी गिरावट आई है तथा 10वीं बोर्ड के परिणाम में 20.61 फीसदी वहीं 12वीं बोर्ड के परिणाम में 4.6 फीसदी की गिरावट हुई है। सूरजपुर जिला ने 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। पिछले वर्ष की तुलना में 10वीं में 8.03 फीसदी एवं 12वीं बोर्ड में 14.09 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले 5-6 वर्षों से लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जशपुर जिले के परीक्षा परिणाम में भी गिरावट आई है तथा 10वीं में 0.92 फीसदी एवं 12वीं में 0.69 फीसदी की कमी दर्ज की ई है। बलरामपुर जिले में 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 3.63 फीसदी की वृद्धि वहीं 12वीं बोर्ड में 1.47 फीसदी की गिरावट आई है।

#### सरगुजा का प्रदर्शन चिंताजनक

बोर्ड परीक्षाओं में सूरजपुर एवं कोरिया के परीक्षार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को काफी सराहा जा रहा है। कोरिया के सर्वाधिक 78.58 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने 10वीं एवं 12वीं में 79.89 परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी वही 3 ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। जशपुर में भी प्रथम श्रेणी से 10वीं में 69.58 एवं 12वीं में 66.53 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। संसाधनों एवं पहुंच की दृष्टि से समृद्ध सरगुजा का प्रदर्शन लगातार प्रभावित हो रहा है तथा प्रावीण्य सूची में जगह बनाना तो दूर शासकीय स्कूलों के शतप्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण भी नहीं हो रहे हैं जो चिंता का विषय है।

#### शिक्षकों की कमी बड़ा कारण

परीक्षा परिणाम प्रभावित होने के पीछे कई कारण गिनाए जा रहे हैं लेकिन प्रमुख कारण शिक्षकों की कमी एवं विद्यार्थियों की अनुपस्थिति को माना जा रहा है। कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। हालांकि विभाग द्वारा संकुल स्तर से शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था करने का दावा किया जा रहा है। विद्यार्थियों के नियमित स्कूल नहीं आने एवं मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा एवं कारणों के निदान हेतु विद्यालय स्तर पर कारगर पहल नहीं करने को भी इसका वजह माना जा रहा है। भविष्य में इस तरह की स्थिति निर्मित न हो इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी जिला प्रशासन एवं संभाग स्तर पर परीक्षा परिणाम की समीक्षा की जा रही है।

#### की जा रही समीक्षा

हर जिले का परीक्षा परीणाम मंगाया गया है वृहद समीक्षा की जा रही है। जिला स्तर पर भी परीक्षा परिणामों की समीक्षा की जाएगी तथा बोर्ड परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूल के प्राचार्यों को नोटिस जारी किया जाएगा। सरगुजा एवं एमसीबी जिले के परीक्षा परिणाम में गिरावट आई है।

-संजय गुप्ता
संयुक्त संचालक,शिक्षा




## भाजपा शासन काल में देशकी स्थिति हुई बदहाल : शफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व ननि अंबिकापुर नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा है कि देश की स्थिति भारतीय जनता पार्टी के सत्ताकाल के दौरान बदहाल हो गई है। आज देश अर्थव्यवस्था के मामले में 149 में नंबर पर है। जबकि अर्थव्यवस्था में यह माना जाता है कि दुनिया में छठवें नंबर की अर्थव्यवस्था अपने देश की है, इसके बावजूद वर्तमान में अपनी नाकामियों को थोपने के लिए प्रधानमंत्री जी ने जिस तरह से देश के लोगों को संबोधित किया है उससे प्रतीत होता है कि देश को नाकामियों के रास्ते ले जाकर देश को गर्त में धकेलने की कोशिश है। सोना ना खरीदने से लेकर के उर्वरक के कम उपयोग की नसीहत दी।

- महंगाई, पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि को लेकर साधा निशाना

शफी अहमद शुक्रवार को नगर में कांग्रेस द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह नसीहत पांच राज्यों में बेतहाशा जीत के बाद दी गई जबकि इन राज्यों के चुनाव में अरबों खरबों रुपए खर्च किए गए। देश में कच्चे तेल के लिए भंडारण की आज तक कोई व्यवस्था नहीं की गई जबकि कांग्रेस के शासनकाल के दौरान मनमोहन सिंह ने ऐसे तीन क्रूड ऑयल के भंडारण की नींव रखी थी। डीजल पेट्रोल आम आदमी पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा दिया गया है बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है लोग परेशान हैं। गृहणियों का घर चलना मुश्किल हो गया है। कुल मिलाकर अपनी नाकामियों को प्रधानमंत्री ने देश पर थोप दिया है। वर्तमान परिस्थितियों में प्रधानमंत्री को अपने उन बातों पर अमल करना चाहिए तो उन्हें अपना झोला उठाकर चल देना चाहिए। इस दौरान जिला अध्यक्ष हरिहर यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम ने भी पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान रामदेव जगते, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, सुनील गुप्ता, राजेंद्र भगत, लालसाय मिंज, जितेंद्र गुप्ता, दोमनिक एक्का, संजीत चौबे, विश्वजीत सिंहदेव, ब्लॉक अध्यक्ष समीर सिंहदेव, सत्येंद्र पांडेय बृजेश मिश्रा, राम बिहारी यादव, विभु जायसवाल, बुद्धदेव पोया, संतन भगत, अमित यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### जमीन सौदे में गड़बड़ी का आरोप अपर कलेक्टर के खिलाफ जांच शुरू

सूरजपुर। जिले में पदस्थ एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पर लगे भ्रष्टाचार और बेनामी संपत्ति के आरोपों ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी की शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने वर्तमान अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा के खिलाफ संयुक्त जांच टीम गठित कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जगन्नाथ वर्मा ने अपने पूर्व पदस्थापना कार्यकाल के दौरान सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में नियमों की अनदेखी करते हुए करोड़ों रुपये की जमीन के सौदे में अनियमितताएं कीं। शिकायत के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग-43 स्थित ग्राम मदनपुर की पुनर्वास भूमि को कथित रूप से प्रभाव का इस्तेमाल कर निजी लोगों के नाम दर्ज कराया गया और बाद में बेनामी तरीके से उसका हस्तांतरण किया गया। शिकायतकर्ता का दावा है कि जमीन की वास्तविक कीमत करीब दो करोड़ रुपये थी, लेकिन दस्तावेजों में कम मूल्य दर्शाकर स्टांप शुल्क में भारी गड़बड़ी की गई। मामले में कई चरणों में नामांतरण और रजिस्ट्री होने की बात भी सामने आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति में जिला पंचायत सीईओ बिजेंद्र सिंह पाटले को अध्यक्ष बनाया गया है।

### चाचा की प्रताड़ना से परेशान भतीजी पहुंची कलेक्टर-एसपी के पास, न्याय की लगाई गुहार

प्रतापपुर। जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम बड़वार के बरगीडीह में एक भतीजी ने अपने ही चाचा पर जमीन कब्जाने, मारपीट करने, धमकी देने और लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाई है। पीड़िता ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बड़वार बरगीडीह निवासी पीड़िता जसमुन निशा आ. मोहम्मद इनुस ने कलेक्टर व एसपी से किए शिकायत में बताया कि चाचा इनत मोहम्मद आ. स्वर्गीय जाफर अली द्वारा लगातार उनके हिस्से की जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है।



हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 17 मई 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा


तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री


4

नाबालिगों से करा रहे थे मजदूरी पांच बच्चों का किया गया रेस्क्यू




## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम जोराडोल निवासी स्व. नैहर साय का कुआं के पानी में डूबने से 3 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी पांचो बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### प्रीलिम्स परीक्षा हेतु नया निःशुल्क बैच प्रारंभ

**जशपुरनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में छत्तीसगढ़ सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए नया निःशुल्क बैच प्रारम्भ किया जा रहा है। यह बैच सोमवार 18 मई से शुरू होगा। संस्थान द्वारा एसआई प्रीलिम्स परीक्षा का सम्पूर्ण सिलेबस मात्र 45 दिनों में अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में कवर कराया जाएगा। पिछली भर्ती परीक्षा में भी संस्थान के 6 अभ्यर्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया था। संस्थान में अभ्यर्थियों को निःशुल्क कक्षाओं के साथ-साथ निःशुल्क टेस्ट सीरीज की सुविधा भी प्रदान की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न के अनुसार बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा। पंजीयन कराने के इच्छुक अभ्यर्थी शिक्षक मनीष गुप्ता को नाम एवं पता लिखकर व्हाट्सएप कर सकते हैं अथवा सीधे नव संकल्प कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनेगा

**जशपुरनगर।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जशपुर ने केंद्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक योजना अंतर्गत अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर के निर्देशानुसार कक्षा 1 से 10वीं तक के अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थियों को यह सुविधा मिलेगी। चिप्स द्वारा प्रमाण पत्र तैयार कर लाइव कर दिया गया है। अब अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार कार्यालय के लोक सेवा केंद्र से जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र की तरह अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र भी ऑनलाइन बनवाया जा सकेगा। इसके लिए 10 रुपए के स्टाम्प पर शपथ पत्र के साथ आवेदन में सरपंच, पार्षद व पटवारी के हस्ताक्षर कराना होगा। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, प्रधान पाठक प्राथमिक, मिडिल, हाई, हायर सेकेंडरी शासकीय, अशासकीय स्कूल जशपुर को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विकासखंड के स्कूलों में अस्वच्छ व्यवसाय में कार्यरत परिवार के कक्षा 1 से 10वीं तक के विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनवाने हेतु प्रचार-प्रसार करें।

### सुधार नहीं हुआ तो मान्यता होगी रद्द और रुकेगा अनुदान

# खराब परीक्षा परिणाम पर कलेक्टर सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ खराब रिजल्ट देने वाले विषय शिक्षकों पर भी होगी कड़ी कार्रवाई

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के खराब परीक्षा परिणाम वाले 26 विद्यालयों की बोर्ड परीक्षा परिणाम की गहन समीक्षा की। मोतीलाल हायर सेकंडरी विद्यालय लोखंडी को खराब परीक्षा परिणाम के लिए नोटिस, सेंट मैरी विद्यालय दुलदुला की जांच, सेजेस मनोरा के वाणिज्य के व्याख्याता को कारण बताओ नोटिस और विषयवार खराब रिजल्ट वाले शिक्षकों पर कार्रवाई के निर्देश उन्होंने दिए।

सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को इन शिक्षकों की बैठक लेकर जांच करने को कहा। साथ ही अनुत्तीर्ण और पूरक आए विद्यार्थियों की वर्ष भर की उपस्थिति के साथ ही मासिक, तिमाही और छमाही परीक्षा परिणाम चेक करने के निर्देश दिए और समीक्षा कर अनुतीर्ण होने के कारणों का पता लगाने कहा गया। प्राइवेट या अनुदान प्राप्त विद्यालयों के खराब परीक्षा परिणाम पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी देते हुए कहा कि वर्तमान शिक्षा सत्र से यदि परीक्षा परिणाम में सुधार नहीं होता है तो संबंधित विद्यालयों की मान्यता समाप्त की जाएगी और अनुदान प्राप्त विद्यालयों का अनुदान का प्रस्ताव भेजने पर पुनर्विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन के द्वारा यदि बच्चों के लिए खर्च किया जा रहा है तो उसका लाभ भी विद्यार्थियों को अच्छे से मिलना चाहिए। बेहतर शिक्षा गुणवत्ता के लिए सभी अशासकीय और अनुदान प्राप्त विद्यालयों में मासिक परीक्षा सहित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम की गतिविधियों का क्रियान्वयन भी वर्तमान शिक्षा सत्र से करने का निर्देश उन्होंने दिया। शासकीय विद्यालयों की समीक्षा के साथ इन विद्यालयों की समीक्षा भी अब की जाएगी। यशस्वी जशपुर की टीम को इन विद्यालयों की मॉनिटरिंग करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी प्राचार्य अब प्रत्येक दिन किसी भी एक कक्षा में एक कालखंड में पूरे समय उपस्थित रहकर अवलोकन करेंगे। शिक्षण पद्धति में यदि कोई कमी पाई जाएगी तो सुधार के लिए आवश्यक टीप भी दिए जाएं, बच्चों की विद्यालय में 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पालक संपर्क और अधिक करने निर्देश दिया। प्रत्येक दिवस अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को कक्षा शिक्षक अनिवार्य रूप से कॉल करके अनुपस्थित रहने का कारण पंजी में संधारित करेंगे स विद्यालय में विद्यार्थियों के द्वारा मोबाइल का उपयोग ना करने की बात भी उन्होंने कही। समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा, यशस्वी जशपुर के नोडल विनोद गुप्ता, सदस्य अवनीश पांडेय, संजय दास और सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य उपस्थित रहे।



#### बैंकिंग योजनाओं का हर पात्र हितग्राही तक पहुंचे लाभ

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं विशेष जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों को बैंकिंग सुविधाओं और ऋण योजनाओं का लाभ उदारतापूर्वक दिया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि ऋण आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत प्राप्त ऋण प्रकरणों को तेजी से निराकृत करें, जिससे अधिक लोग योजना के प्रति जागरूक होंगे। बैठक में जिले में नए खोले जाने वाले बैंकिंग शाखाओं के बारे में भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, आरबीआई प्रतिनिधि, लीड बैंक मैनेजर, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## आम से लदा पिकअप वाहन पुलिया के नीचे गिरा, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ गाड़ी चालक ओडिशा से अंबिकापुर ले जा रहा था कच्चा आम

■ जशपुर में दर्दनाक सड़क हादसा, पिकअप के उड़े परखच्चे

जशपुर जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में कच्चा आम से लदा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे जा गिरा। हादसे में पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक ओडिशा से अंबिकापुर की ओर कच्चा आम लेकर जा रहा था। इसी दौरान कुनकुरी थाना क्षेत्र के खारीझाड़िया स्थित श्रीनदी पुलिया के पास वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और पुलिया के नीचे जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही कुनकुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सकरी पुलिया होने की वजह से यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से पुलिया को चौड़ा कराने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## गोमती साय ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा का सम्मान



**पत्थलगांव।** स्थानीय विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने विधायक निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ की 12वीं परीक्षा में टॉप टेन में जगह बनाने वाली आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा करीना सिंग को सम्मानित किया। पत्थलगांव ब्लॉक में शत प्रतिशत रिजल्ट देने वाले विद्यालयों के प्राचार्य का भी सम्मान पत्थलगांव विकासखंड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्य की मौजूदगी में विधायक द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाला की प्रिंसिपल उर्सेला टोप्पो को शासकीय हाई स्कूल को कुमेकेला के प्रिंसिपल कीर्ति सागर धुर्वा सहित 14 स्कूलों के प्रिंसिपल का सम्मान किया गया ।इस मौके पर पत्थलगांव विधायक ने कहा कि हमारे ब्लॉक के लिए गौरव की बात है कि शिक्षकों की ⏭ शेष पेज 4 पर

## सोलह श्रृंगार कर सुहागिनों ने की वट वृक्ष की परिक्रमा

■ अखंड सौभाग्य की कामना, मांगा पति की दीर्घायु का वरदान

**कोतबा।** धर्मनगरी कोतबा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में वट सावित्री व्रत का पर्व पूरी आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अखंड सौभाग्य, पति की लंबी आयु और परिवार की समृद्धि की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने शनिवार सुबह वट (बरगद) वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान नगर के विभिन्न पूजा स्थलों पर 16 श्रृंगार किए हुए व्रती महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। खास बात यह रही कि आचार्यों ने इस पारंपरिक पूजा को प्रकृति से जोड़ते हुए महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया।

पर्व के दिन सुबह से ही क्षेत्र की व्रती महिलाएं नए वस्त्र पहनकर और सोलह श्रृंगार कर पूजा की थाली लिए वट वृक्षों के पास पहुंचने लगी थीं। नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित वट वृक्ष के अलावा सतीघाट धाम, खालपारा और इंदिरा आवास सहित कई ⏭ शेष पेज 4 पर



#### वट वृक्ष में है त्रिदेवों का वासः आचार्य कमल शर्मा

वार्ड 9 स्थित पूजा स्थल पर व्रती महिलाओं को कथा सुनाते हुए आचार्य कमल शर्मा ने बताया कि आध्यात्मिक दृष्टि से वट वृक्ष दीर्घायु और अमरत्व का प्रतीक है। उन्होंने बताया, ₹शास्त्रों के अनुसार वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा जी, तने में भगवान विष्णु और डालियों में शिव शंकर का वास होता है। नीचे लटकती हुई जटाओं को देवी सावित्री का रूप माना जाता है।₹ अग्नि पुराण के अनुसार यह वृक्ष सृजन का प्रतीक है, इसलिए संतान प्राप्ति की कामना के लिए भी इसकी पूजा अचूक मानी जाती है। मान्यता है कि इसी वृक्ष की छांव में देवी सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस पाए थे।

## भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग आज व कल




■ पत्थलगांव शहर में कार्यक्रम गौरव का क्षण : बंसल

**पत्थलगांव।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल महाभियान 2026 के तहत सभी जिलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत भाजपा जिला जशपुर का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग 17 व 18 मई को मंडल पत्थलगांव शहर के मैरिज गार्डन में आयोजित हो रहा है।

इस प्रशिक्षण में मुख्य वक्ता के रूप में प्रथम सत्र प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय मौजूद रहेंगे। जिसके पश्चात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी समेत कई दिग्गज नेता इसमें शामिल होंगे। प्रशिक्षण वर्ग दो दिवसीय होगा और इसमें 12 सत्र में भाजपा की रीति नीति के साथ कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा और साथ ही रात्रि विश्राम व भोजन की व्यवस्था भी की गई है। यह प्रशिक्षण वर्ग आवासीय आयोजित हो रहा है। भाजपा मंडल पत्थलगांव शहर के अध्यक्ष अंकित बंसल ने बताया कि सर्वप्रथम भाजपा का ध्वजारोहण होगा और फिर प्रदर्शनी के शुभारंभ पश्चात प्रशिक्षण की शुरुआत होगी। यह जिला प्रशिक्षण वर्ग पत्थलगांव शहर में आयोजित होना हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का क्षण है। हमें हमारे जिले में निवासरत जनप्रतिनिधि, प्रदेश,जिला और सभी मंडलो के कार्यकर्ताओं जैसे अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। इस प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# जगन्नाथ मंदिर स्थापना महोत्सव का समापन

■ अष्ट प्रहरी संकीर्तन में छत्तीसगढ़, ओडिशा व झारखंड की मंडलियों ने बांधा समा

**जशपुरनगर।** दोकड़ा के ऐतिहासिक प्राचीन मंदिर श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित स्थापना के प्रथम वर्षगांठ महोत्सव का शनिवार को भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में समापन हो गया। तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन में क्षेत्र सहित दूर-दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान, एवं के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

महोत्सव के दौरान आयोजित अष्ट प्रहरी नाम संकीर्तन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा एवं झारखंड से पहुंचे कीर्तन मंडलियों ने भक्ति गीतों और हरिनाम संकीर्तन से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

#### कौशल्या साय ने की पूजा-अर्चना, महाआरती में उमड़े श्रद्धालु



#### आयोजन समिति ने जताया आभार


मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय का समिति के सदस्यों ने शॉल श्रीफल भेंट कर आभार जताया। श्री जगन्नाथ मंदिर समिति दोकड़ा द्वारा आयोजित स्थापना प्रथम वर्षगांठ महोत्सव के अवसर पर गजपति महाराज व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय का मंदिर समिति की ओर से शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। समिति पदाधिकारियों ने आयोजन में उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आगमन से महोत्सव की गरिमा और बढ़ी है। इस दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति।

#### नगर कीर्तन एवं मटकी फोड़ कार्यक्रम

महोत्सव के अंतिम दिन नगर कीर्तन एवं पारंपरिक मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे दोकड़ा नगर में भक्ति की अनूठी छटा देखने को मिली। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर महोत्सव का समापन किया।

#### कौशल्या साय ने की प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना

इस अवसर पर मंदिर के गजपति महाराज व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।






## कुनकुरी के मंगल भवन में लगा सुशासन शिविर



**जशपुरनगर।** नगर पंचायत कुनकुरी अंतर्गत मंगल भवन कुनकुरी में "सुशासन तिहार 2026" कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सम्माननीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा राजगीत के सामूहिक गायन के साथ किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी कुनकुरी नंदजी पांडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत कुमार बुनकर एवं तहसीलदार द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### राजस्व मामलों के निराकरण के लिए कार्य विभाजन

**रायगढ़।** कलेक्टर द्वारा राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए प्रशासनिक कार्य विभाजन संबंधी आदेश जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ भू.राजस्व संहिता, 1959 में हुए संशोधन के तहत अपील प्रकरणों की सुनवाई एवं निराकरण कार्य हेतु अधिकारियों को तहसीलवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो को लैलूंगा, मुकड़ेगा एवं खरसिया तहसीलों की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अपर कलेक्टर रवि राही को घरघोड़ा, तमनार, धरमजयगढ़, छाल एवं कापू तहसीलों का प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारी अपने प्रभार क्षेत्र में लंबित राजस्व अपील प्रकरणों की सुनवाई एवं निराकरण कार्य को प्राथमिकता से सुनिश्चित करेंगे, ताकि आमजनों को त्वरित राहत मिल सके। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### स्वप्निल को वित्त मंत्री ने दी बधाई

**रायगढ़।** रायगढ़ निवासी और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक युवा फिल्मकार स्वप्निल कोत्रीवार को उनकी फिल्म मछली जल की के निर्माण पर वित्त मंत्री ओपी चौधर ने बधाई दी हैं। श्री चौधरी ने कहा स्वप्निल ने रायगढ़ की प्रतिभा को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित किया है। प्रतिष्ठित संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी जड़ों से जुड़ी सार्थक सिनेमा की रचना करना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में ऐसी फिल्मों का निर्माण और प्रसार अत्यंत आवश्यक है जो समाज को सकारात्मक संदेश देती हैं तथा मानवीय संवेदनाओं को सदैव जीवंत बनाए रखती हैं। मछली जल की जैसी रचनाएं केवल मनोरंजन नहीं करतींए बल्कि समाज का आईना बनकर सोचने पर मजबूर भी करती हैं। वित्त मंत्री ने कहा श्स्वप्निल की यह उपलब्धि रायगढ़ सहित पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा है। मुझे विश्वास है कि वे अपनी रचनात्मकता से भारतीय सिनेमा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## निधन

### रजनी होता



**जशपुरनगर।** जशपुर की पुरानी टोली की रहने वाली रजनी होता 74 वर्ष पति स्वर्गीय राजकिशोर होता का 19 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बैकुंठपुर में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र प्रवीण होता, पुत्री प्रभा होता, पुत्रवधु रश्मि होता, नाती अनमोल उपाध्याय, नातिन रक्षित नंदे, अनु एवं आयशा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## पृष्ठ 3 का शेष

### गोमती साय ने ...

मेहनत से आज हमारे क्षेत्र के विद्यालय सत प्रतिशत रिजल्ट देने के लिए सक्षम हुए हैं ।जिनकी जितनी भी तारीफ की जाए वह काम है ।इस मौके पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पाढी भी मौजूद रहे।

### सोलह श्रृंगार कर ...

जगहों पर सामूहिक पूजा का आयोजन हुआ। सबसे बड़ी टोली वार्ड क्रमांक 9 में देखी गई, जहाँ सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने बारी-बारी से बरगद के पेड़ की परिक्रमा की। व्रती महिलाओं ने डलिया और दोने में धूप, दीप, रोली, भीगे चने, सिंदूर, बांस का पंखा, पांच प्रकार के फल और जल से भरा पात्र सजाया। सबसे पहले सत्यवान और सावित्री की मूर्ति स्थापित कर पूजा की गई।वट वृक्ष पर लाल/पीला कच्चा धागा लपेटकर परिक्रमा की गई।अंत में महिलाओं ने एक साथ बैठकर सत्यवान-सावित्री की पारंपरिक कथा वट सावित्री का यह पर्व केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह पर्व प्रकृति और मानव के बीच के तालमेल को दर्शाता है। वनस्पति विज्ञान के अनुसार, बरगद का वृक्ष प्राणवायु (ऑक्सीजन) का एक प्रमुख स्रोत है। यह सूर्य की ऊष्मा का लगभग 27 प्रतिशत हिस्सा अवशोषित कर, उसमें अपनी नमी मिलाकर वापस वायुमंडल में छोड़ता है, जिससे बादल बनते हैं और वर्षा होती है। यदि बरगद जैसे विशाल वृक्ष न हों, तो ग्रीष्म ऋतु में जीवन अत्यंत कठिन हो जाएगा। आचार्यों ने आह्वान किया कि प्रतीक के रूप में लगाए गए पौधों को बड़ा होने पर किसी सुरक्षित खुले स्थान पर रोपित कर उनका संरक्षण करना चाहिए।

---

### जशपुर में बाल मजदूरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# नाबालिगों से करा रहे थे मजदूरी पांच बच्चों का किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले की ग्राम पंचायत लोदाम में एक्सेस टू जस्टिस टीम द्वारा बाल मजदूरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गांव में कार्य कर रहे लगभग चार- पांच बच्चों को रेस्क्यू किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये बच्चे कम उम्र में मजदूरी कार्य में लगे हुए थे, जिससे उनकी शिक्षा और भविष्य प्रभावित हो रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक्सेस टू जस्टिस टीम को सूचना मिली थी कि ग्राम लोदाम में कुछ नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराई जा रही है। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। लोदाम पुलिस के सहयोग से , संयुक्त कार्रवाई करते हुए बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। टीम ने बच्चों को उनके परिजनों एवं संबंधित विभागों से संपर्क कर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया तथा उन्हें शिक्षा से जोड़ने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। इस रेस्क्यू अभियान में लोदाम थाना का महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया गया। हर बच्चे को सुरक्षित बचपन- एक्सेस टू जस्टिस टीम समर्पित के संचालक डॉ.संदीप शर्मा ने कहा, हर बच्चे को सुरक्षित बचपन, शिक्षा और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। हमारी टीम हमेशा बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए तत्पर रहेगी।

#### ग्रामीणों को किया जागरूक

रेस्क्यू अभियान के दौरान ग्रामीणों को भी जागरूक किया गया कि बाल मजदूरी कानूनन अपराध है और बच्चों को मजदूरी के बजाय शिक्षा की ओर बढ़ाना समाज की जिम्मेदारी है। गांव के लोगों ने टीम के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में बच्चों को स्कूल भेजने का भरोसा दिलाया
बॉक्स

#### इनका रहा योगदान

इस अभियान को सफल बनाने में लोदाम पुलिस,एक्सेस तो जस्टिस जशपुर की जिला समन्वयक अंजली ताम्रकार, बबीता ताम्रकार, अंजली दास एवं तुम के अन्य साथियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

---

## कोतबा नगर में निकली हेलमेट जागरूकता बाइक रैली




**कोतबा।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत कोतबा नगर में आज एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस जागरूकता रैली में पुलिस प्रशासन, नगर पंचायत के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लोगों ने हेलमेट पहनकर शहर के मुख्य मार्गों से बाइक रैली निकालते हुए आमजन को यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का आयोजन जशपुर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी कोतबा, ब्रजेश यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत कोतबा के सीएमओ टी.आर. यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस स्टाफ, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस जन-जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। रैली का शुभारंभ पुलिस चौकी कोतबा से किया गया, जो पूरे नगर के मुख्य मार्गों में भ्रमण करते हुए कारगिल चौक पहुंचकर समाप्त हुई। पूरे मार्ग में लोगों को हेलमेट पहनने, सुरक्षित गति में वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी ब्रजेश यादव ने कहा कि जशपुर पुलिस सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि प्रायः देखने में आता है कि दोपहिया वाहनों की दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें सिर में गंभीर चोट लगने के कारण होती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए और आमजन को सुरक्षित रहने का संदेश देने के लिए यह हेलमेट रैली निकाली गई है। उन्होंने सभी से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय स्वयं की और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। जशपुर पुलिस की आम नागरिकों से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सुरक्षित यातायात ही सुरक्षित जीवन की पहचान है। जागरूकता ही बचाव है।

---

## जशपुर नगर पालिका चुनाव में सरगर्मी तेज



**जशपुरनगर।** नगर पालिका चुनाव को लेकर जशपुरनगर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। शनिवार को कांग्रेस की दो महिला कार्यकर्ताओं ने अपना नामांकन फार्म जमा किया। इनमें वार्ड क्रमांक 8 से उर्मिला भगत तथा वार्ड क्रमांक 14 से अंजलीना केरकेट्टा शामिल हैं।वहीं भारतीय जनता पार्टी की ओर से वार्ड क्रमांक 8 की प्रत्याशी प्रेमलता साहू और वार्ड क्रमांक 14 की प्रत्याशी प्रिया सिंह सोमवार 18 मई को नामांकन दाखिल करेंगी।जानकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी भी सोमवार को पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में शक्ति प्रदर्शन करते हुए औपचारिक रूप से नामांकन दाखिल करेंगी।

**कांग्रेस की दो महिला प्रत्याशियों ने भरा नामांकन**

चुनाव को लेकर दोनों प्रमुख दलों में तैयारियां तेज हो गई हैं और समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। नगर पालिका चुनाव को लेकर वार्डों में राजनीतिक हलचल लगातार बढ़ रही है। प्रत्याशियों द्वारा जनसंपर्क अभियान भी शुरू कर दिया गया है और मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिशें तेज हो गई हैं।आने वाले दिनों में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी मुकाबला और अधिक दिलचस्प होने की संभावना जताई जा रही है।

## रेण्डमाइजेशन एवं कमीशनिंग कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** नगरपालिका निर्वाचन 2026 के अंतर्गत पार्षद पद का निर्वाचन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईव्हीएम के माध्यम से कराया जाना है। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत ईव्हीएम के प्रबंधन, रेण्डमाइजेशन, कमीशनिंग एवं अन्य संबंधित कार्यों के सुचारु संचालन के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोगए रायपुर द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के अनुरूप अतिरिक्त तहसीलदार रायगढ़ श्रीमती वर्षा तिवारी को नोडल अधिकारी ईव्हीएम नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जिला अंत्यावसायी विभाग रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बाबूभाई श्रीवास तथा सहायक अधीक्षक भू.अभिलेख रायगढ़ मनोज पटेल को ईव्हीएम के सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्वाचन संबंधी समस्त कार्य आयोग द्वारा निर्धारित प्रावधानों एवं दिशा.निर्देशों के अनुरूप संपादित किए जाएंगे।

## डीएमएफ मद से 80 लाख स्वीकृत, पुरुंगा से हाटी मुख्य मार्ग का होगा निर्माण

**रायगढ़।** जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा सड़क और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय ग्रामीणों, किसानों, एवं जन भावनाओं को विशेष ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत पुरुंगा से हाटी मुख्य मार्ग में डब्ल्यूएणबीएम सड़क निर्माण के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ मद से 80 लाख 89 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क निर्माण कार्य के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया है। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है और लोगों ने इसे ग्रामीण विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

## पुनर्वास और मुआवजा राशि को लेकर असमंजस ग्रामीणों ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गारे पेलमा कोल माइंस परियोजना से प्रभावित गांवों के ग्रामवासियों ने मुआवजा वितरण में भेदभाव और अनियमितता सहित पुनर्वास की नीति स्पष्ट नहीं करने का गंभीर आरोप लगाया है। गुरूवार की दोपहर को करीब आधा दर्जन से अधिक प्रभावित गांव के ग्रामवासियों ग्राम पंचायत हिंझर में विशेष बैठक आयोजित कर आगामी 19 मई को होने वाली जनसुनवाई का विरोध करने के लिए रणनीति तैयार की। वहीं शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंच कर जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की । प्रभावित ग्रामीणों ने इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समान मुआवजा दिलाने और मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि ग्राम पंचायत हिंझर, जरीडीह, उरबा, लालपुर सहित 14 प्रभावित ग्रामवासियों की करीब 2 हजार हेक्टेयर से अधिक जमीनों का अधिग्रहण करने का फरमान तो जारी कर दिया गया, लेकिन अब तक उन्हें विस्थापित करते हुए कहां बसाया जाएगा यह



स्पष्ट नहीं किया गया है। अब भी पुनर्वास को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर मुआवजे की रकम में भेदभाव और अनियमितता की स्थिति देखने को मिल रही है। प्रभावित ग्राम पंचयतों व ग्रामों को एक निश्चित एवं एक समान मुआवजा राशि प्रदान करने के बजाए किसी को कम तो किसी को अधिक रकम दी जा रही है। जिसका वे शुरू से ही विरोध कर रहे हैं। इसके साथ ही कई बार मांग करने के बाद भी इन मुद्दों पर कोई लिखित आश्वासन नहीं दिया जा रहा है, जबकि जुबानी आश्वासन के भरोसे ग्रामीण अपनी पुस्तैनी जमीनें कपनीं प्रबंधन को देने का तैयार नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर रोजगार को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही है। गुरूवार को ग्रामीणों की बैठक में इन्ही मुद्दों को लेकर चर्चा हुई, जिसमें ग्रामवासियों ने एक स्वर में जनसुनवाई का पुरजोर विरोध करने का निर्णय लिया और अपनी मांगों पर अडे रहने की बात कही।

#### कम मुआवजे से आर्थिक नुकसान व बरोजगारी

ग्रामवासियों ने सवाल उठाया कि एक ही गांव और एक जैसी जमीन होने के बावजूद कुछ किसानों को अधिक और कुछ को बेहद कम मुआवजा दिया जा रहा है। जिससे प्रभावित परिवारों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि कई किसान वर्षों से खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे, लेकिन परियोजना के कारण उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली गई। इसके बावजूद उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल सका। प्रभावितों का कहना है कि जिन किसानों को कम राशि दी गई है, वे अब आर्थिक संकट और बेरोजगारी की स्थिति में पहुंच गए हैं। कुछ परिवारों को रोजगार और पुनर्वास का लाभ नहीं मिला, जबकि अन्य लोगों को इसका फायदा दिया गया है।

## ग्राम जामटोली में चलाया गया स्वच्छता श्रमदान

**जशपुरनगर।** सुशासन तिहार के तहत जशपुर जिले के सभी विकास खंडों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जामटोली में सुशासन तिहार के अवसर में शिविर स्थल पर सामूहिक स्वच्छता श्रमदान किया गया एवं 5ः मॉडल भी बनाया गया। उल्लेखनीय है कि सुशासन शिविर में सुबह की पाली में योगाभ्यास, स्वच्छता श्रमदान और खेल



गतिविधियों भी आयोजित की जा रही है। और द्वितीय पाली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का गंभीरता से निराकरण किया जाता है।

## 515 किसानों के टांकों में तैयार हो रहा शैवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए बड़े स्तर पर नील हरित शैवाल उत्पादन एवं उपयोग की कार्ययोजना तैयार की गई है। धान और अन्य फसलों में उत्पादन क्षमता बढ़ाने और इस खाद का उपयोग कराने और इसके अनेकों फायदे को किसानों तक पहुंचाने के लिए जिला पंचायत, कृषि, खाद्य, सहकारिता और विपणन और उद्यानिकी विभागों की संयुक्त बैठक लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है।

जिले में हरी खाद एवं जैविक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत जिले के 95 चिन्हांकित गौठानों के 309 टांकों में नील हरित शैवाल तैयार किया जाएगा। इसके लिए 463.50 किलोग्राम मदर कल्चर का उपयोग किया जाएगा, जिससे लगभग 7725 क्विंटल नील हरित शैवाल उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इस जैविक खाद का उपयोग 772.5 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रायोगिक तौर पर किया जाएगाए जिससे अनुमानित 38.18 मीट्रिक टन तक यूरिया की खपत में कमी आने की संभावना है। यह पहल किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती की ओर प्रेरित करेगी।




गौठानों के चयन में रायगढ़ विकासखंड के 17, खरसिया के 5, तमनार के 6, पुसौर के 11, धरमजयगढ़ के 17, घरघोड़ा के 13 तथा लैलूंगा के 26 गौठान शामिल किए गए हैं। प्रशासन द्वारा चरणबद्ध तरीके से मदर कल्चर वितरण की कार्ययोजना भी तैयार की गई है। शासकीय कृषि प्रक्षेत्र बेहरामार, धरमजयगढ़ में लगभग 6 क्विंटल मदर कल्चर 17 मई को प्राप्त होगा। इसका वितरण 18 मई को उप संचालक कृषि कार्यालय रायगढ़ परिसर से रायगढ़, पुसौर, खरसिया एवं तमनार विकासखंडों के प्रथम चरण के चयनित टांकों हेतु किया जाएगा। वहीं धरमजयगढ़, घरघोड़ा एवं लैलूंगा विकासखंड सीधे बेहरामार से कल्चर प्राप्त करेंगे। लैलूंगा विकासखंड को प्रारंभिक रूप से 30 किलोग्राम कल्चर उपलब्ध भी करा दिया गया है।

## डीएमएफ से संवरेगा खनन प्रभावित क्षेत्र के युवाओं का भविष्य

**रायगढ़।** जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। विशेष रूप से लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ क्षेत्र के 15 लाभार्थी युवाओं को आईएचएम रायपुर में हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाया जाएगा। इन विद्यार्थियों का पूरा शैक्षणिक सत्र 2026-27 एक वर्ष के लिए डीएमएफ मद से पूर्णतः वित्तपोषित रहेगा, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। लैलूंगा और धरमजयगढ़ विकासखंड के उन युवाओं के लिए यह पहल उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है, जो आर्थिक या सामाजिक परिस्थितियों के कारण उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण से वंचित रह जाते हैं। डीएमएफ ;जिला खनिज संस्थान न्यासद्ध मद से 19 लाख 20 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर युवाओं को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ने की ठोस पहल की गई है। यह स्वीकृति कलेक्टर एवं जिला खनिज संस्थान न्यास के अध्यक्ष मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर प्रदान की गई है।

## युवाओं ने साइकिल रैली निकाल कर दिया ऊर्जा बचाने का संदेश



**सरिया।** गुरुवार की शाम सरिया में युवाओं ने साइकिल रैली का आयोजन कर जनता से साइकिल या पैदल चलने की अपील की। रैली में हाथ में झंडा लिए कार्यकर्ताओं ने देश के वास्तेए मोदी जी के रास्ते के नारे लगाते हुए नगर में जन जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया। रैली का नेतृत्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष ने किया। उन्होंने कहा कि युद्ध को देखते हुए पीएम मोदी ने संसाधन और डीजल पेट्रोल बचाने की अपील की। इसका असर पूरे देश में हो रहा है। इसी कड़ी में सरिया में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने साइकिल रैली का आयोजन किया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में जिला भाजपा उपाध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने साइकिल रैली कर जन जागरूकता अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल डीजल के सीमित और जिम्मेदार उपयोग का समर्थन करने की अपील करते हुए गुरुवार शाम 6 बजे नगर में आम जनता को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साइकिल यात्रा की आयोजन किया ।नगर के अटल चौक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार ने कहा कि आज की बचत कल की सुरक्षा है।

## रेत परिवहन के जद्दोजहद में निजी खेतों को नुकसान पहुंचा रहे माफिया

**पुसौर।** कंपनियों में रेत खपाने का काम इन दिनों जोरो पर चल रहा है जिसके लिए लोग पोकलेन, डम्फर का सहारा ले रहे हैं और नदी से सीधे रेत ढुलाई का कार्य कर रहे हैं। खनिज विभाग से इसकी स्वीकृति नहीं है और न हीं इस अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई हो रही है। इसलिए इनका मनोबल इतना बढा हुआ है कि निजी खेतों में लगे फसल और वहां लगे बड़े-बड़े पेडों में आग लगाकर अपने आने-जाने का रास्ता साफ कर रहे हैं। यह स्थिति पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम कांदागढ का है। जानकारी के मुताबिक कांदागढ पंचायत के पूर्व सरपंच श्रीमती सोमती सिदार तथा उनके परिवार जनों के कई एकड कब्जे काष्त की जमीन केलोनदी के किनारे स्थित है जहां उन्होंन फसल उगाते हैं साथ ही पर्यावरण संरक्षण से जुड़े होने के कारण पौध रोपण भी करते रहे हैं।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट:- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ